हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 30 सितम्बर 2025, समय 1305 (05 मिनट)

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र पर चलते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से देश के किसानों को सशक्त बनाया है।

भारत सदियों से खेती-किसानी का देस रहा है।आज भी देश की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर ही निर्भर है। अन्न भंडार भरने वाले किसानों को आए दिन कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।किसानों की इन्हीं परेशानी को समझा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने...और उनकी तरफ बढ़ाया मदद का हाथ...और एक दिसंबर 2018 के दिन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की घोषणा की गई..जिसकी शुरूआत 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से शुरूआत हुई.. तब प्रधानमंत्री ने कहा था..

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अब तक की सबसे बड़ी ककल्याणकारी योजना है. इस योजना के तहत किसानों को हर चार महीने बाद दो हजार रूपए की रकम दी जा रही है।जिसे सीधे उनके खाते में ट्रांस्फर किया जाता है। इस योजना के हर लाभार्थी को पूरी की पूरी रकम मिल जाती है।

सालाना छह हजार रूपए की इस मदद से किसानों को खेती-किसानी के काम में बहुत सहूलियतें हुई हैं... योजना से किसानों की जिंदगी में आए बदलाव को लेकर राष्ट्रीय कृषि आर्थिक नीति एवं अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉक्टर खेमचंद का कहना है।

किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 21 किश्तों में तीन लाख नब्बे हजार करोड़ से ज्यादा की रकम सीधे किसानों के खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है..जिससे किसानों की जिंदगी आसान हुई है...

किसान सम्मान निधि वही बादल है.जो अन्नदाताओं की जिंदगी में नई फुहार बन कर आया है...और जिसकी वजह से देश का अन्नदाता माटी से फसलरूपी सोना लगातार उगा रहा है।अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़

******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के आह्वान पर प्रदेश भर में आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कल पंचकूला में जिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम केंद्र द्वारा ज़िले के सूक्ष्म, लघु व् मध्यम उद्यमों को केंद्र व् राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती से रजनीश गर्ग, सैलोन रेमेडीज से ईशेंद्र मोहन, अमरटेक्स से अरुण ग्रोवर सहित अनेक उद्यमियों ने भाग लिया।

पंचकूला के जिला एम एस एम् ई केंद्र ने उद्यमियों को आत्मनिर्भर भारत अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। हरियाणा एम् एस एम् ई निदेशालय के प्रतिनिधि पवन शर्मा ने उद्यमियों को भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के बारे में विस्तार से बताया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज से वरिष्ठ प्रबंधक श्री मति निधि ने एम् एस एम् ई को शेयर बाजार में आई पी ओ के लिए लिस्टिंग और वित्तपोषण के वैकल्पिक साधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

******************************************************************

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कल पलवल जिला के गांव नन्दावाला में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। जिनमें अमृत सरोवर तालाब, रास्ते, शमशान भूमि की चारदीवारी, स्वागत द्वार, कुए की मरम्मत आदि शामिल हैं ।

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि लगभग 76 लाख रुपए की लागत से किए गए विकास कार्यों का उद्घाटन किया गया है और लगभग 50 लाख रुपए के नए विकास कार्य करवाएं जाएंगे।

इस अवसर पर ग्रामीणों द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री के समक्ष अपनी मांगे रखी गई, जिन्हें केंद्रीय मंत्री ने पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

******************************************************************